**GOVERNMENT OF INDIA**
**MINISTRY OF RAILWAYS**
**(RAILWAY BOARD)**
*******

**R.B.E. No.205 /2018**

**No. E(GP)99/1/33** **New Delhi, dated28.12.2018**

**The General Managers/Director General,**
**All Indian Railways / Production Units/RDSO**

**Sub: Ad-hoc promotion to Senior Scale in Law Department.**

In terms of Board's letters No. E(GP)81/1/91 dated 01.04.91 and No. E(GP)96/1/11 dated 03.09.1996, read with letter No. E(GP)99/1/33 dated 14.03.2012, Group 'B' Officers of Law Department, who have not put in 8 years of regular service in Group 'B', when detailed to look after duties in Senior Scale or are promoted on ad-hoc basis, are eligible to draw charge allowance of Rs. 1500/- p.m. subject to the condition that pay plus charge allowance should not exceed the pay that would have been admissible had the pay been fixed under Rule 1313 (FR 22) R-II on regular promotion. However, such officers are entitled to draw pay in Senior Scale, as may be admissible under the normal rules, only on completion of 8 years of regular service in Group 'B'.

2. As per the revised Recruitment Rules of Law Department (viz. Railways Deputy Chief Law Officer, Senior Law Officer and Law Officer (Group 'A' and Group 'B' posts) Recruitment Rules, 2017), notified vide Notification dated 22.12.2017, Group 'B' officers with 6 years of regular service in Group 'B' are eligible for consideration for regular promotion to Senior Scale. In view of the above, Group 'B' officers of Law Department, when promoted to Senior Scale on ad-hoc basis, may be allowed to draw pay in Senior Scale [GP Rs.6600/- (pre-revised)/Level 11 as per 7th CPC], as may be admissible under the normal rules on completion of 6 years of regular service in Group 'B', as prescribed in the revised Recruitment Rules.

**(N.K.SHARMA)**
**DIRECTOR, ESTT.(GP)**
**RAILWAY BOARD**

**Copy forwarded to :-**

1. PSs to MR, MOS(S) and MOS(G),OSD/MR
2. PPSs to CRB, FC, MS, MRS, MT, MTR, ME.
3. PPSs to all Addl. Members.
4. Dy.C&AG(Railways), Room No 222, Rail Bhawan.
5. PS to AM (Staff), PED(Vig), EDE, EDA, EDE(N), EDE(Res.), JS, JS(E), JS(G), ED(E&R), EDE(GC), EDV(E), ED(Signal), EDV(S), EDF(E), ED(T&MPP), EDE(RRB), EDPC-I, DV(P), DE(L), DE(Res), DE(G), D(IH), JD(MPP), JDE(Rep)I&II, JDE(D&A), JDE(P&A), DPCI&II, JDE(L), DDE(R)-I (With 2 Spares) DDF(E)I, DDF(E)VI, DDV(A&P), Accounts III, E(NG)I, E(O)III, DDRS(G), DDE(LR)I, Sec(E), PC-V, E&R, E(MPP), V(SS), E(SCT)I&II.
6. The Secretary General, Indian Railways Promotee Officers' Federation, Room No. 268, Rail Bhavan, New Delhi.

भारत सरकार/GOVERNMENT OF INDIA
रेल मंत्रालय/MINISTRY OF RAILWAYS
(रेलवे बोर्ड)/(RAILWAY BOARD)
*******

आर.बी.ई. सं. 205/2018

सं. ई(जी.पी.)99/1/33 नई दिल्ली, दिनांक 28.12.2018

महाप्रबंधक/महानिदेशक
सभी भारतीय रेलें/उत्पादन इकाइयां/अ.अ.मा.सं.

**विषय: विधि विभाग में वरिष्ठ वेतनमान में तदर्थ पदोन्नति**

बोर्ड के दिनांक 14.03.2012 के पत्र सं. ई(जीपी)/99/1/33 के साथ पठित दिनांक 01.04.91 के पत्र सं. ई(जीपी)81/1/91 और दिनांक 03.09.1996 के पत्र सं. ई(जीपी)96/1/11, के अनुसार विधि विभाग के ग्रुप 'बी' अधिकारी, जिन्होंने वरिष्ठ वेतनमान में कार्यों की देखभाल के लिए तैनात किए जाने अथवा तदर्थ आधार पर पदोन्नत किए जोने के समय ग्रुप 'बी' में 8 वर्ष की नियमित सेवा पूरी नहीं की है, इस शर्त पर प्रतिमाह रुपये 1500/- प्रभार भत्ता प्राप्त करने के पात्र हैं, कि उनका वेतन और प्रभार भत्ते का जोड़ उस वेतन से अधिक नहीं होगा, जो नियमित पदोन्नति होने पर नियम 1313 (एफआर 22) आर-II के अंतर्गत निर्धारित किए जाने पर प्राप्त होता । बहरहाल, ऐसे अधिकारी ग्रुप 'बी' में 8 वर्ष की नियमित सेवा पूरी होने पर ही सामान्य नियमों के अंतर्गत यथा लागू वरिष्ठ वेतनमान में वेतन प्राप्त करने के पात्र हैं।

2. विधि विभाग के संशोधित भर्ती नियमों (यथा रेलवे उप मुख्य विधि अधिकारी, वरिष्ठ विधि अधिकारी एवं विधि अधिकारी (समूह 'क' और समूह 'ख' पदों) भर्ती नियम, 2017) के दिनांक 22.12.2017 की अधिसूचना के तहत ग्रुप 'बी' में 6 वर्ष की नियमित सेवा पूरी करने वाले ग्रुप 'बी' अधिकारी, वरिष्ठ वेतनमान में नियमित पदोन्नति के लिए विचार किए जाने हेतु पात्र हैं। उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए, विधि विभाग के ग्रुप 'बी' अधिकारियों को तदर्थ आधार पर पदोन्नत किए जाने पर संशोधित भर्ती नियम 2017 के अनुसार ग्रुप बी में 6 वर्षों की नियमित सेवा पूरा करने पर सामान्य नियमों के तहत यथा लागू वरिष्ठ वेतनमान (ग्रेड पे रूपये 6600/-(संशोधन पूर्व)/सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार लेवल 11) में वेतन प्राप्त करने की अनुमति दी जाए।

एन. के. शर्मा
(एन. के. शर्मा)
निदेशक, स्था.(राज.पदो)
रेलवे बोर्ड